
# डॉ . पंचूलाल बने विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष

## उपाध्यक्ष बने पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह, सतना के संजय तीर्थवानी, कयासों पर लगा विराम







**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 28 अप्रैल, विंध्य विकास प्राधिकरण निगम के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की नियुक्ति के बाद तमाम कयासो पर विराम लग गया. लम्बे समय से राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर उठापटक चल रही थी.**


हर कोई अध्यक्ष के दावेदारी के साथ अपने स्तर पर प्रयास कर रहा था. अध्यक्ष के रूप में कई बार के विधायक रह चुके पूर्व विधायक डा. पंचूलाल प्रजापति की नियुक्ति की गई है. वही उपाध्यक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष डा. अजय सिंह को बनाया गया है. साथ ही सतना के संजय तीर्थानी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. जैसे ही सूची निकल कर बाहर आई तमाम कयासों पर विराम लग गया. अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया और पार्टी कार्यालय में बधाई दी. विंध्य विकास प्राधिकरण में रीवा एवं शहडोल संभाग के जिलो को शामिल किया गया है. नियुक्ति को लेकर कई दिनो से कुछ नामो पर चर्चा थी. लेकिन अंतिम मुहर पूर्व विधायक डा. पंचूलाल प्रजापति पर लगी. देवतालाब एवं मनगवां से कई बार विधायक रह चुके है. लेकिन 2023 में पार्टी ने टिकट काट दिया तब से नाराज चल रहे थे और यही वजह है कि पार्टी ने उन्हे प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया है. अब देखना यह है कि पूर्व विधायक डा. प्रजापति क्या नवाचार करने के साथ विंध्य के विकास को कैसे आगे बढ़ाते है. नवनियुक्त अध्यक्ष-उपाध्यक्ष को पूर्व कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी, डा. अनिल द्विवेदी, केके तिवारी आदि नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी.

### पहले से चल रहा था डॉ . अजय सिंह का नाम



भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डा. अजय सिंह का नाम विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के लिये चल रहा था . लेकिन राजनीतिक समीकरण और परिस्थितियां ऐसी बनी कि उन्हे उपाध्यक्ष बनाया गया है . डा. सिंह को संघ एवं संगठन में कार्य करने का लम्बा अनुभव है . अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से राजनीति में प्रवेश करने के बाद कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे है . 2014 में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में नई पारी की शुरूआत की वर्ष 2016 से 20 तक किसान मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रहे .

### सामाजिक और आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हुआ था गठन



विंध्य विकास प्राधिकरण का गठन 27 सितम्बर 2008 को हुआ था . जिसमें विंध्य क्षेत्र के संबंधित जिलो से आर्थिक एवं सामाजिक पिछा पन दूर करने एवं विकास की गति को बढ़ाना उद्देश्य था . विकास योजनाएं तैयार कर शासन तक पहुंचाना था . विंध्य क्षेत्र में औद्योगीकरण, कृषि, पर्यटन और ग्रामीण बुनियादी ढ़ांचे के विकास को गति देने के लिये विंध्य विकास प्राधिकरण बनाया गया है . लम्बे समय से पद खाली था और एक तरह से विंध्य प्राधिकरण अपनी पहचान खो रहा था . जबकि प्राधिकरण के गठन का उद्देश्य राजनीतिक नही बल्कि क्षेत्रीय विकास के लिये किया गया है . जब से गठन हुआ है तब से लेकर कोई खास कार्य नही हुआ है, देखना है कि अब अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद विंध्य के विकास को लेकर क्या होता है .

# खदान में ब्लास्टिंग से महिला पर गिरा पत्थर, मौत

## नौबस्ता बैजनाथ क्षेत्र की घटना

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 28 अप्रैल, शहर के पश्चिमी छोर पर स्थित नौवस्ता, बैजानथ क्षेत्र में लगातार अवैध उत्खनन हो रहा है और खदानो में चल रही अवैध ब्लास्टिंग से लोग परेशान है. एक महिला की भी मौत हो गई, बावजूद इसके प्रशासन अवैध उत्खनन और ब्लास्टिंग को लेकर कार्यवाही नही कर रहा है. क्षेत्र के लोग परेशान है लेकिन जिम्मेदार खनिज विभाग मौन है.**

नौबस्ता क्षेत्र के बैजनाथ में चल रही अवैध ब्लास्टिंग के पत्थरों में दबकर एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई. घर का चूल्हा जलाने के लिए खदान में कंडा बिनने गई महिला की पत्थरों में दबकर मौत हो गई है. परिजनों ने बताया कि मृतिका सुमित्रा केवट घर से कंडा बिनने बनने के लिए निकली थी तभी वह बैजनाथ के एक ऐसे खदान में चली गई जहां निरंतर ब्लास्टिंग हो रही थी. महिला के ऊपर पत्थर गिरा और लहूलुहान हालत में महिला ने दम तोड़ दिया. बताया जा रहा है कि खदान में जीतू केवट नाम का व्यक्ति ब्लास्टिंग कर रहा था और खदान अल्ट्राटेक सीमेंट की है. जैसे ही घटना हुई वहां लगे माफिया ट्रैक्टर डंपर सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए. सुबह 7:00 बजे हुई घटना के डेढ़ घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची तब तक महिला की मौत के दोषी फरार हो चुके थे. मृतिका सुमित्रा केवट के शव को पीएम के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया है वहीं पुलिस मामले की जांच करने की बात कह रही है.

# श्रमिक एक्सप्रेस के यात्रियों ने किया हंगामा

## बी-2 कोच का एसी फेल होने से आक्रोशित हुए लोग, आधे घंटे तक खड़ी रही ट्रेन



**नवभारत न्यूज**

**सतना 28 अप्रैल. भीषण गर्मी के मौसम में आरामदायक यात्रा को सुनिश्चत करने के लिए कई यात्रियों द्वारा दो महीने पहले से ही कड़ी मशक्कत कर ट्रेन के एसी कोच में अपना टिकट बुक करा लिया जाता है. लेकिन यात्रा के दौरान ऐन मौके पर यदि कोच का एसी काम करना बंद कर दे तो उस जबरदस्त उमस भरे दम घोंटू माहौल में यात्रियों पर क्या गुजरेगी.**

कुछ ऐसा ही वाकया तब सामने आया जब श्रमिक एक्सप्रेस के बी-2 कोच का एसी फेल हो जाने से आक्रोशित यात्रियों ने प्लेटफार्म पर आधे घंटे तक हंगामा किया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेन क्रमांक 19051 मुजफ्फपुर-बलसाड श्रमिक एक्सप्रेस मंगलवार को अपने निर्धारित समय से 1 घंटे की देरी से 12 बजकर 11 मिनट पर सतना रेलवे स्टेशन पर पहुंची. ट्रेन के प्लेटफार्म क्र. 1 पर रुकते ही एक ओर जहां विभिन्न कोच में सवार यात्री यात्रियों ने चाय,पानी और नाश्ते के स्टाल की ओर मुड़ गए. वहीं दूसरी ट्रेन के बी-2 कोच में सवार यात्रियों ने स्टेशन अधीक्षक के कक्ष की ओर रुख किया. यात्री इस बात को लेकर खासे आक्रोशित थे कि उनके कोच का एसी काम नहीं कर रहा है. इस मामले की शिकायत छिवकी स्टेशन से पहले ही रेलवे के जिम्मेदारों को कर दी गई थी. लेकिन न सिर्फ छिवकी बल्कि मानिकपुर स्टेशन पर भी रेलवे के किसी जिम्मेदार द्वारा इस शिकायत को अटेंड नहीं किया गया. भीषण गर्मी के साथ-साथ पूरी तरह से बंद कोच में बैठे-बैठे उनका दम घुट रहा है. कुछ यात्रियों को तो ब्लड प्रेशर और घबराहट बढ़ने की शिकायत भी सामने आ रही है. जिसे देखते हुए बी-2 कोच के यात्री इस बात पर अड़ गए कि जब तक उनके कोच का एसी ठीक नहीं हो जाता तब तक वे ट्रेन में नहीं बैठेंगे. यात्रियों की समस्या को समझने का प्रयास करते हुए स्थानीय रेल प्रबंधन द्वारा स्थानीय तकनीकी स्टॉफ से संपर्क साधा गया. लिहाजा कुछ देर में ही तकनीकी अमला भी प्लेटफार्म पर पहुंच गया. स्टॉफ द्वारा जांच करते हुए समस्या को समझने का प्रयास भी किया गया. लेकिन इसके बावजूद स्टॉफ द्वारा यह कहते हुए हाथ खड़े कर दिए गए कि कोच के एसी को ठीक कर पाना फिलहाल उनके बस की बात नहीं है.

### आश्वासन पर रवाना हुई गाड़ी

मामले को समझने के बाद स्थानीय रेल प्रबंधन द्वारा यात्रियों को समझाइस दी गई कि सतना रेलवे स्टेशन पर कोच के एसी को ठीक करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है . यह कार्य केवल जबलपुर रेलवे स्टेशन पर ही संभव हो पाएगा . इसी कड़ी में रेल अधिकारियों ने यात्रियों को यह आश्वासन भी दिया कि यदि जबलपुर में कोच का एसी ठीक नहीं हो पाता है तो वहां पर दूसरे एसी कोच की व्यवस्था कर दी जाएगी . हलांकि इस आश्वासन के चलते यात्रियों का आक्रोश तो कम नहीं हुआ . लेकिन उनके सामने कोई और चारा भी नहीं था . लिहाजा आश्वासन के आधार पर किसी तरह वे जबलपुर तक की यात्रा करने को राजी हो गए . इस हंगामे के चलते श्रमिक एक्सप्रेस आधे घंटे तक प्लेटफार्म पर खड़ी रही और 12 बजकर 41 मिनट पर आगे के लिए रवाना हो गई .

# सराफा बाजार के विद्युत पोल में लगी भीषण आग

## विद्युत लाइनमैनों ने तत्परता से आग पर पाया काबू



**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 28 अप्रैल. भीषण गर्मी में विद्युत की खपत बढ़ने के साथ ही विद्युत पोल में लगी केबिलों में भी आग लगने की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। ऐसा ही मामला स्थानीय सराफा बाजार में सामने आया था।**

निहाल आटो पार्टस के सामने स्थित विद्युत पोल में आज शाम करीब 6:30 बजे आग की तेज लपटें उठने लगी। व्यस्ततम मार्ग में लगे विद्युत पोल से आग की तेज लपटें उठती देखकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें विद्युत पोल में लगी केबिलों को पूरी तरह से जलाकर खाक कर रही थी। बड़ दुर्घटना की आशंका के चलते कुछ लोगों ने इसका सूचना तत्काल विद्युत वितरण क्रमांक 1 सीधी शहर के कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाते ही तत्काल विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई। लाइनमैनों ने मौके पर पहुंचकर जलती केबिलों से आग पर काबू पाया। इसके बाद विद्युत सप्लाई बहाल करने के लिये युद्ध स्तर पर नई केबिल डालने का कार्य शुरू कर दिया गया।

### गुलाब टावर के सामने पोल में लग चुकी है आग

एक पखवाड़ा पूर्व देर रात पड़ैनिया मार्ग में स्थित गुलाब टावर के सामने लगे विद्युत पोल की केबिलों में भी ज्यादा लोड होने के कारण आग लग गई थी। उस दौरान स्थानीय कुछ युवकों ने तत्परता दिखाते हुये अग्निशामक यंत्र के डिब्बे उपयोग करते हुये उससे कुछ मिनट के अंदर ही जोखिम उठाते हुए आग पर काबू पा लिया। भीषण गर्मी में शहर के कुछ अन्य क्षेत्रों में भी विद्युत केबिलों एवं ट्रांसफर में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं।

# उत्कृष्ट सेवा पर निरीक्षक लाल प्रमोद सिंह सम्मानित

## केन्द्रीय गृह मंत्रालय के पदक से बढ़ा जिले का गौरव



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 अप्रैल। जिले में पुलिस विभाग के लिए गौरव का क्षण उस समय आया जब निरीक्षक लाल प्रमोद सिंह को उत्कृष्ट सेवा के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रदत्त पदक से सम्मानित किया गया।**

आज मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्हें विधिवत पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा लंबे समय से किए जा रहे कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं सराहनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। निरीक्षक लाल प्रमोद सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी कार्यशैली और समर्पण ने उन्हें विभाग में एक अलग पहचान दिलाई है। इस सम्मान को न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि बल्कि पूरे जिले के पुलिस विभाग के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर उमेश कुमार प्रजापति, थाना प्रभारी विंध्यनगर अर्चना द्विवेदी, थाना प्रभारी नवानगर अनिल कुमार पटेल एवं रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सार्वजनिक हैंडपंप पर अवैध कब्जे के मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 अप्रैल। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार जनपद पंचायत चितरंगी के ग्राम धानी में स्थित सार्वजनिक शासकीय हैंडपंप पर अवैध अतिक्रमण के मामले में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।**

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सिंगरौली त्रिलोक सिंह वरकड़े द्वारा थाना प्रभारी चितरंगी को प्रेषित आवेदन में बताया गया है कि ग्राम धानी, ग्राम पंचायत धानी के बिलहिया उत्तर टोला में विभाग द्वारा स्थापित सार्वजनिक हैंडपंप पर पारस लाल भुर्तिया द्वारा मोटर पम्प स्थापित कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। आवेदन में उल्लेख है कि उक्त कृत्य शासकीय संपत्ति पर अतिक्रमण, सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग एवं अन्य नागरिकों के अधिकारों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है, जो दंडनीय अपराध है।

कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में संबंधित थाना को प्रकरण की विधिवत जांच कर आरोपी के विरुद्ध प्रचलित विधि के तहत एफआईआर दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रकरण की सूचना पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी चितरंगी सहित संबंधित अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है।



# एक सप्ताह से धधक रहा केकरावं चितावल का जंगल

## वन परिक्षेत्र चितरंगी का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 अप्रैल। वन परिक्षेत्र चितरंगी के केकरावं-चितावल जंगल पिछले एक सप्ताह से आग लगने से धधक रहा है। आग बुझाने के लिए अब तक कोई प्रयास नही किया गया है, जिससे आग करीब 7 से 8 किलोमीटर परिधि तक फैल चुकी है। अब गांवों की ओर आग बढ़ रही है।**

जानकारी के अनुसार केकरावं जंगल में पिछले सप्ताह 23 अप्रैल को जंगल में आग लगी। धीरे-धीरे यह आग फैल कर चितावल जंगल में पहुंच गई है। जहां भारी संख्या में पेड़-पौधे जलकर राख हो गये हैं। बताया जा रहा है कि जैसे-जैसे हवा का झोखा चलता है, उसी गति से आग भी फैल रही है। आलम यह है कि आज मंगलवार को आग चितावल जंगल में पहुंच गई है और जंगल को आग ने अपने चपेट में ले ली है। यहां के ग्रामीण बताते हैं कि आग पर काबू पाने के लिए अब तक कोई प्रयास वन अमले के द्वारा नही किया गया है।

लिहाजा गांवों की ओर आग के विस्तार होने का खतरा मड़राने लगा है। यहां बताते चले कि इस वर्ष वन परिक्षेत्र चितरंगी, करथुआ-गोरबी के जंगलों में कई जगह आग लगी, परंतु उसपर काबू पाने के लिए वन अमले के द्वारा कोई कारगर प्रयास नही किया गया। ग्रामीणों ने इस ओर कलेक्टर एवं डीएफओ का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# सिंगरौली में पार्सल डिलीवरी को लेकर विवाद

## डिलीवरी बॉय से मारपीट, एफआईआर दर्ज



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 अप्रैल। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न थाना के समीपी ग्राम कचनी में ऑनलाइन पार्सल डिलीवरी को लेकर विवाद का मामला सामने आया है, जहां जूते का साइज छोटा होने पर पैसे वापस मांगने को लेकर डिलीवरी बॉय के साथ बेरहमी से मारपीट की गई है।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नागेंद्र शाह उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम जरहा, 26 अप्रैल को एक ऑनलाइन कंपनी का जूते का पार्सल लेकर ग्राम कचनी पहुंचा था। उन्होंने पार्सल ग्राहक रविंद कुशवाहा को सौंप दिया और भुगतान भी प्राप्त कर लिया। बताया जा रहा है कि डिलीवरी के बाद जब नागेंद्र वापस लौट रहे थे, तभी नारायणदास कुशवाहा ने उन्हें रोक लिया और जूते का साइज छोटा बताते हुए तत्काल पैसे वापस करने की मांग की। इस पर नागेंद्र ने कंपनी की प्रक्रिया का हवाला देते हुए कहा कि रिफंड ऑनलाइन माध्यम से ही संभव है और मौके पर नकद राशि वापस नहीं की जा सकती। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया और डिलीवरी बॉय नागेंद्र शाह के साथ मारपीट की गई। घटना दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद नागेंद्र शाह ने बैढ़न थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 17 वर्षीय बालिका सीधी से हुई बरामद

**सिंगरौली 28 अप्रैल।** जयंत पुलिस ने सराहनीय सफलता हासिल करते हुए घर से लापता 17 वर्षीय बालिका को जिला सीधी से दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को फरियादिया (परिवर्तित नाम) निवासी जयंत थाना विंध्यनगर द्वारा चौकी जयंत में उपस्थित होकर अपनी 17 वर्षीय पुत्री (परिवर्तित नाम) मीनाक्षी के बिना बताए घर से कहीं चले जाने एवं अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# पति को लेने 400 किमी दूर से रीवा पहुंची पत्नी

## पति कर रहा था दूसरी शादी, बारात निकलने से पहले पुलिस पहुंची द्वार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 28 अप्रैल, रीवा जिले के बैकुंठपुर थाने से एक हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है. यहां अपने पति को पाने पत्नी तकरीबन 400 किलो मीटर दूर से एक माह के मासूम बच्चे को गोदी में लेकर थाने पहुंची. पुलिस ने भी पूरे मामले को गंभीरता से लिया और चोरी से दूसरी शादी करने जा रहे पति को रोकते हुए पहली पत्नी से पति का मिलान कराया.**

इसके बाद पति ने गलती मानते हुए पहली पत्नी को अपनाया और साथ वापस चला गया और दूसरी शादी करने से इनकार कर दिया. इस पूरे मामले को लेकर बैकुंठपुर थाना प्रभारी श्रृंगेष राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को छत्तीसगढ़ के पेंड्रा निवासी महिला एक माह के मासूम बच्चे को गोद में लेकर थाने आई थी. महिला ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसकी शादी रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलैया निवासी राहुल तिवारी से हुई थी, महिला के मुताबिक पहले सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन कुछ दिन पूर्व ही राहुल उसे पेंड्रा में छोड़कर अपने गांव वापस आया था जहां से वापस नहीं गया. महिला ने बताया कि उसे एक दिन पूर्व ही किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर बताया कि राहुल की दूसरी शादी सेमरिया थाना क्षेत्र में हो रही है जिसके बाद उसने राहुल से संपर्क किया तो राहुल का फोन बंद बता रहा था. महिला इसके बाद अपने एक माह के मासूम बच्चे को लेकर सीधे बैकुंठपुर थाना पहुंची और थाने में पूरी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेंद्र सिंह चौहान से दूरभाष पर संपर्क किया. जिसके बाद एसपी के निर्देश पर तत्काल बैकुंठपुर पुलिस ने एक्शन लेते हुए राहुल तिवारी को थाने में तलब किया. जहां महिला और राहुल का सामना कराया इसके बाद राहुल ने अपनी गलतियों को मानते हुए और परिजनों के दबाव में दूसरी शादी करने की बात को स्वीकार किया. थाना प्रभारी ने बताया कि राहुल ने थाने में लिखित खाना पूर्ति करने के बाद अपनी पत्नी को लेकर घर चला गया है.


भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड
RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD

विज्ञापन सं. RBISB/BA/01/2026-27

**भारतीय रिज़र्व बैंक में ग्रेड 'बी' (सामान्य/आनीअवि/सांसूप्रवि) संवर्गों में (परिवीक्षाधीन) अधिकारियों के पदों पर सीधी भर्ती (सीभ) - पैनल वर्ष - 2026**

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं) में पैनल वर्ष - 2026 के लिए निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र.स. | पद का नाम | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | ग्रेड 'बी' में अधिकारियों की सीधी भर्ती (सामान्य) | 40 |
| 2 | ग्रेड 'बी' में अधिकारियों (आनीअवि) आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग की सीधी भर्ती | 10 |
| 3 | ग्रेड 'बी' में अधिकारियों की (सांसूप्रवि) - सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग सीधी भर्ती | 10 |
| | कुल | 60 |

2. पात्रता मानदंड, रिक्तियों के आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन जमा करने और अन्य अनुदेशों जैसे अन्य सभी विवरणों के लिए कृपया **29 अप्रैल 2026** (संभावित) को बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in )** पर और दिनांक **02 मई 2026** के एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार अंक/अनुवर्ती अंक में प्रकाशित होने वाले विस्तृत विज्ञापन को देखें।

उम्मीदवार उपरोक्त पदों के लिए बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**3. महत्त्वपूर्ण तिथियां**:**

| | |
|---|---|
| आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क सूचना प्रभार के / भुगतान के लिए वेबसाइट का लिंक खुला रहेगा | **29 अप्रैल से 20 मई 2026 (शाम 06 बजे तक)** |
| ग्रेड 'बी' - सीधी भर्ती की चरण (सामान्य) I ऑनलाइन परीक्षा | **13 जून 2026** |
| ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) सीधी भर्ती की चरण-I ऑनलाइन परीक्षा - प्रश्नपतर) आनीअवि I और II) - प्रश्नपत्र) सांसूप्रवि / I) | **14 जून 2026** |
| ग्रेड 'बी' - सीधी भर्ती की चरण (सामान्य) II ऑनलाइन परीक्षा | **25 जुलाई 2026** |
| ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) सीधी भर्ती की चरण-II ऑनलाइन लिखित / - प्रश्नपत्र) आनीअवि - परीक्षा I और II) - प्रश्नपत्र) सांसूप्रवि II और III) | **26 जुलाई 2026** |

** बोर्ड इन तिथियों में किसी भी तरह के परिवर्तन का अधिकार रखता है।

**टिप्पणी:** उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर प्रकाशित किया जाएगा।


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99